शोध संचालनालय
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्र./शोसं/2026/16   दिनांक– 23.02.2026

अधिसूचना

Ph.D पाठ्यक्रम DET 2024–25 के पात्र अभ्यर्थियों हेतु शोध पंजीयन एवं कोर्सवर्क से संबंधित ऑनलाइन आवेदन एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल (www-apsu-mponline-gov-in) के माध्यम से दिनांक 25/02/2026 से 05/03/2026 तक आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते हैं:

1. DET 2024–25 की अंतिम प्रवेश सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित किया जा चुका है, वे एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से नामांकन शुल्क (नियमानुसार), आवेदन शुल्क रू 2000/–, पंजीयन शुल्क रु. 5000/– तथा कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000/– एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु रु. 12000/–) ऑनलाइन जमा कर कोर्सवर्क हेतु पात्र होंगे।

2. DET 2024–25 की प्रतीक्षा सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित नहीं किया गया है, किन्तु वे कोर्सवर्क करना चाहते हैं, उन्हें कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000/– एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु रु. 12000/–) ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूपानुसार रु. 100/– के न्यायिक स्टाम्प पर शपथ–पत्र संलग्न करते हुए कोर्सवर्क आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित केंद्र में जमा करनी होगी।

3. अंतिम प्रवेश सूची के अभ्यर्थियों को आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी, नामांकन शुल्क, पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क की रसीद, शोध केंद्र एवं केंद्रीय पुस्तकालय का प्रमाण–पत्र/शुल्क रसीद अकादमिक विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

4. सभी अभ्यर्थियों को कोर्सवर्क शुल्क की रसीद एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित कोर्सवर्क केंद्र पर निर्धारित समय–सीमा के भीतर जमा करना सुनिश्चित करना होगा।

5. कोर्सवर्क दिनांक 09/03/2026 से संबंधित विषयों हेतु आवंटित केंद्रों पर प्रारंभ किया जाएगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
2. विभागाध्यक्ष, कप्यूटर अप्लीकेशन विभाग, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करे।
3. कुलगुरू जी के सचिव/कुलसचिव जी के निज सहायक, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
4. संपादक महोदय,

   ....

   कृपया उक्त सूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करे।

23/02/2026
संचालक

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

पीएच.डी. कोर्सवर्क–(2024–25)

शपथ–पत्र

मैं..आत्मज / आत्मजा......................................उम्र..............................निवासी...................
पेशा..................................शपथ पूर्वक कथन करता / करती हूँ कि :–

1. यह कि मैं विषय..में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से .पी–एच.डी. कोर्सवर्क करना चाहता / चाहती हूँ।

2. यह कि मैं DET-2024-25 में अनुक्रमांक ....के साथ सम्मिलित होकर प्रतीक्षा सूची मे क्रमांक .... पर हूँ।

3. यह कि मैं स्वयं की जिम्मेदारी से DET 2024-25 के कोर्सवर्क में प्रवेश ले रहा / रही हूँ कि मुझे शोध निर्देशक उपलब्ध हो जायेगें। अगर अध्यादेश–11 के प्रावधानानुसार दो वर्षो के अन्दर शोध निर्देशक उपलब्ध नहीं होते और मेरा शोध पंजीयन नहीं हो सकेगा तो उसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय / संस्था नहीं होगा तथा मैं इस संबंध में कोई भी न्यायालयीन वाद दायर नहीं करूँगा / करूँगी।

दिनांकः

हस्ताक्षर शपथकर्ता

सत्यापन

यह कि मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक यह सत्यापित करता / करती हूँ कि शपथ पत्र के पैरा क्रमांक 01 से 03 में लिखी जानकारी सही व सत्य है।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता (शपथकर्ता)

नोटः उपरोक्त शपथ पत्र रू0 100 / – के नोटराइज्ड स्टाम्प पेपर पर जमा करना होगा।